# बिहार विधान-सभा वादवृत्त।

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा-सदन में बुधवार, तिथि ३० नवम्बर, १९५५ को ११ बजे पूर्वाह्न में माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ।

---

## अतारांकित प्रश्नोत्तर।

## UNSTARRED QUESTIONS AND ANSWERS.

डा० अनुग्रह नारायण सिंह—महाशय, मैं गत सप्तम् (फरवरी-अप्रिल, १९५५) सत्र से रुके हुए ५८४ अतारांकित प्रश्नों में से १०८ प्रश्नों के उत्तर मेज पर रखता हूं। शेष ४७६ अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी सचिवालय के विभागों से प्राप्त होने पर प्रस्तुत किए जायेंगे।

ये हैं गत सप्तम् (फरवरी-अप्रिल, १९५५) सत्र में पूछे गये १०८ अतारांकित प्रश्नों के उत्तर। शेष प्रश्नों के उत्तर संबंधित विभागों से प्राप्त होने पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

रघुनाथ प्रसाद,

सचिव, बिहार विधान-सभा।

सूची।

| क्रम संख्या। | सदस्य। | प्रश्न संख्या। |
|---|---|---|
| १ | श्री कपिलदेव नारायण सिंह | २४३, ३३८। |
| २ | श्री सुबोध नारायण यादव | २४४। |
| ३ | श्री शिवनन्दन राम | २४५। |
| ४ | श्री दामोदर झा | २४६, २५०, २७६, ३२७, ३३२। |
| ५ | श्री सुखलाल सिंह | २४७, २७०। |
| ६ | श्री रामानन्द तिवारी | २४८। |
| ७ | श्री पदारथ सिंह | २४९, २८६। |
| ८ | श्री नन्दकिशोर नारायण | १५१, ३४५। |
| ९ | श्री जगलाल महतो | २५२। |
| १० | श्री पुनीत राय | २५३, २७३, २७४, ३०५। |
| ११ | श्री शरत दास | २५४। |
| १२ | श्री कैलाश प्रसाद | २५५,२८१। |
| १३ | श्री चन्द्रशेखर सिंह | २५६। |
| १३(क) | श्री भागवत प्रसाद | २५७। |

जलमार्ग प्रमंडल (दरभंगा वाटरवेज डिवीजन) द्वारा एक नयी योजना बनाई गई पर कुछ विचार करने पर यह सोचा गया है कि जबतक नदी को नियंत्रित नहीं कर दिया जाता है तबतक सिंचाई योजना को अपनाना उचित नहीं होगा।

बाढ़ के नियंत्रण के लिये उत्तर विहार में एक बाढ़ अन्वेषण अंचल (फ्लड इन-भेस्टिगेशन सर्किल) स्थापित किया गया है और यह अंचल इस नदी, इसकी सहायक नदियों तथा जल त्याग नालिकाओं (स्पिल चैनेल्स) की वृहत् माप (सर्वे) नेपाल में इसके उद्गम स्थान से लेकर कोशी में मिलने तक का कर रहा है। इन छान-बीन में काफी प्रगति हो चुकी है। इसके अन्तर्गत "लेवेलिंग कार्य" (लेवेलिंग ओपरेशन) आदि भी निहित हैं।

(ख) अमेरिका के कुछ अभियन्ताओं—जैसे मि० टैम्पशन, मि० टौरपेन, मि० रौहाउसर, डा० लीओपोल्ड तथा मि० मैडौक—ने हाल ही में इस राज्य का पर्यवेक्षण किया है।

(ग) उक्त अभियन्ताओं ने इस क्षेत्र को देखा तथा उत्तर विहार की नदियों और उनके नियन्त्रण पर अपनी सम्मतियां दी हैं। ये विवरण साधारण विचार (ऑफ जेनरल नेचर), का है तथा उत्तर विहार की सभी नदियों से सम्बन्धित हैं जिनमें बागमती भी है।

(घ) अभीतक बागमती योजना के जांच-पड़ताल में कुल १,२३,७९७ रुपये १३ आने ९ पाई का व्यय हुआ है।

(ङ) इस वर्ष राज्य सरकार ने सुगिया परदेसिया के जल त्याग नालिकाओं (स्पिल कैनाल्स) के प्रारम्भ में तटभित्ति (ग्रोएनेस) बनाने के लिये एक योजना स्वीकृत की है और मौनसून के आगमन के पहले ही इस कार्य के शुरू होने तथा समाप्त होने की आशा है। यह योजना इसलिये बनी है कि बागमती नदी की इन जल त्याग नालिकाओं (स्पिल चैनेल्स) द्वारा दिशा बदलने की कम सम्भावना रहे और इस तरीके से इन जल त्याग नालिकाओं के मुंह पर मिट्टी का जमाव हो जायगा। नदी के नियंत्रण के लिये एक वृहत् योजना अभी तैयार करनी है और आशा है कि उचित छान-बीन तथा माप (सर्वे) के बाद इस नदी के नियंत्रण के लिये कुछ निश्चित (ठोस) फैसला किया जायेगा।

---

## वृहत सिंचाई योजनाएं।

३३३। श्री बैजनाथ सिंह—क्या मंत्री, सिंचाई विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) १९५३-५४ तथा १९५४-५५ साल में सारे राज्य में कुल कितनी वृहत सिंचाई योजनाएं कार्यान्वित हुई तथा उनपर कितने रुपये व्यय किये गये हैं;

(ख) सारन जिला के किस सबडिवीजन में किन-किन वृहत् सिंचाई योजनाओं का काम हुआ है एवं किसमें कितने रुपये लगे हैं;

(ग) अगले वर्ष में इस जिला के किस सबडिवीजन में कौन-कौन वृहत् सिंचाई योजनाएं ली जाने वाली हैं?

श्री राम चरित्र सिंह—(क) और (ख) एक तालिका मेज पर रखी है जिसमें सारे राज्य में और सारन जिले में हाथ में ली गई योजनाओं का नाम और उनपर खर्च का विवरण दिया गया है। सिंचाई विभाग के सन् १९५५-५६ साल के छपे हुए बजट में इनका पूर्ण विवरण दिया गया है।

(ग) उपर्युक्त तालिका में जिन योजनाओं का विवरण दिया गया है, उन्हीं योजनाओं को १९५५-५६ में कार्यान्वित किया जायगा। १९५५-५६ में और कोई नई योजना नहीं ली जायगी।

EXPENDITURE ON MAJOR IRRIGATION PROJECTS DURING 1953-54 AND 1954-55.

| Name of the scheme. | Expenditure during— | | Expenditure in Saran district during— | |
|---|---|---|---|---|
| | 1953-54. | 1954-55. | 1953-54. | 1954-55. |
| | (In Lakhs.) | (In Lakhs.) | (In Lakhs.) | (In Lakhs.) |
| 300 tube-wells in North Bihar | 13.38 | 19.24 | 0.91 | 3.50* |
| Tube-wells in South Bihar .. | 16.40 | 5.73 | .. | .. |
| Drainage of chaurs and other Irrigation Schemes. | 23.49 | 28.16 | 15.45 (Expenditure up to 1953-54.) | 4.25 |
| Sakri Lower Valley Scheme .. | 0.42 | 0.46 | .. | .. |
| Triben̥i Canal Expansion Scheme | 2.01 | 3.79 | .. | .. |
| Emergency Pumping Scheme .. | 1.96 | 0.17 | .. | .. |
| Irrigation dams and weirs in hilly districts of South Bihar. | 0.06 | 0.89 | .. | .. |
| 350 tube-wells under 1952 T.C.M. Programme. | .. | 0.75 | .. | .. |
| Programme for permanent improvement in scarcity areas (in North Bihar). | 3.90 | 58.47 | 0.09 | 7.03 |
| Special Minor Irrigation Programme (in South Bihar). | 0.47 | 23.84 | .. | .. |
| Mayurakshi Left Bank Canal .. | 1.31 | 33.41 | .. | .. |

*Out of 300 tube-wells schemes for reserved areas of sugar factories in North Bihar, 97 tube-wells have been allocated to Saran District. The expenditure on mechanical portions of these 97 tube-wells have been booked in North Bihar Tube-Well Division and hence the total outlay in Saran district for this part of the scheme during 1953 and 1954 is not available separately. The approximate proportional figure on the basis of the estimate will however come to about Rs. 23 lakhs.

| Name of the scheme. | Expenditure during— 1953-54. | 1954-55 (Revised Budget). | |
|---|---|---|---|
| | Rs. | Rs. | |
| UNDER SCHEME No. 81. | | | |
| (a) 97 tube-wells in Saran district out of the programme of 300 tube-wells in sugar factory areas. | 0.91 | 3,50,000 | |
| UNDER SCHEME No. 83. | | | |
| (b) Bandh across Jan Nallah .. | 2,742 | 2,812 | Chapra Subdivision. |
| (c) Remodelling and strengthening of 12 bandhs in Saran district. | 11,42,896 | 2,92,980 | Ditto. |
| (d) Remodelling of Naini Bandh | 2,27,816 | 81,361 | Ditto. |
| (e) Hardia Chaur Drainage Scheme | 1,71,849 | 48,000 | Ditto. |
| | 15,45,303 | 4,25,153 | |
| OUT OF 3.5-CRORE PROGRAMME. | | | |
| (f) Remodelling of Deokuli Bandh | .. | 1,00,000 | Chapra Subdivision. |
| (g) Karinga Bandh along river Tel. | 9,436 | 5,000 | Ditto. |
| (h) Remodelling of 7 embankments along left bank of Gogra. | — | 2,00,000 | Chapra and Siwan Subdivisions. |
| (i) Mahi and Jan embankments.. | .. | 2,00,000 | Chapra Subdivision. |
| (j) Improvement of Saran embankment. | — | 1,25,000 | Gopalganj and Chapra Subdivisions. |
| (k) Durdha Chaur drainage Scheme | — | 33,000 | Chapra Subdivision. |
| (l) Puraina Chaur Drainage Scheme | .. | 10,000 | Ditto. |
| (m) Hardia Chaur (Phase II) .. | .. | 30,000 | Ditto. |
| | | 7,03,000 | |